उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।
आर्दश अध्ययन केन्द, हल्द्वानी (केन्द्र संख्या 16000)

पत्रांक: यू0ओ0यू0/आदर्श अ0के0 (परामर्श सत्र) /2026/ दिनांक 16 अप्रैल 2026

सूचना

माननीय कुलपति जी से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में आदर्श अध्ययन केन्द्र, हल्द्वानी (16000) द्वारा शीतकालीन प्रवेश सत्र जनवरी -2026 में पंजीकृत विद्यार्थियों हेतु दिनांक 18 अप्रैल 2026 से 28 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार और रविवार को (प्रातः 10:30 से दोपहर 04:00 बजे तक) परामर्श सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के सभी विद्याशाखाओं से आग्रह किया जाता है की दिनांक 18 अप्रैल 2026 से कक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु अपने-अपने विषय में पंजीकृत शिक्षार्थियों को सूचित करने का कष्ट करें एवं अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए आदेशित करें।

कक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन करने हेतु निर्धारित तिथियों में विषयवार सारणी/ तिथिवार उपस्थित होने वाले शिक्षकों के नाम जारी करने हेतु संबंधित विभाग के निदेशकों के द्वारा आदेश जारी किया जाना होगा जिससे उपस्थिति/प्रतिकर देय संबंधित नियमों का पालन नियमानुसार किया जा सके।

कक्षाओं की उपस्थिति एवं फीडबैक फॉर्म आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी (16000) को हार्ड कॉपी के रूप में मूल रूप से उपलब्ध कराई जानी अनिवार्य है। कृपया संबंधित विभाग प्रत्येक परामर्श सत्र दिवस की जियोटैग फोटोग्राफस को उपलब्ध कराये जाने वाले लिंक (पृथक से उपलब्ध कराया जायेगा) में तिथिवार अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी (16000) में पंजीकृत शिक्षार्थियों का पाठ्यक्रमानुसार विवरण विद्याशाखाओं के अनुसार संलग्न कर प्रदान किया जा रहा है।

उपरोक्त कार्य हेतु समस्त निदेशकों महोदय/महोदया एवं पाठ्यक्रम समन्वयको एवं समस्त शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने संकाय/विभाग/पाठ्यक्रम की कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

16.04.2026
(डा0 विशाल कुमार शर्मा)
समन्वयक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति जी के वैयक्तिक अधिकारी को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, उ0मु0वि0वि0।
3. वित्त नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0।
4. परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0।
5. प्रवेश प्रभारी,उ0मु0वि0वि0।
6. निदेशक, समस्त विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0।
7. निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी
8. सहायक क्षेत्रीय निदेशक, हल्द्वानी, उ0मु0वि0वि0।
9. सहायक कुलसचिव, अनुरक्षण अनुभाग, उ0मु0वि0वि0।
10. समस्त वि0वि0 कार्मिक, उ0मु0वि0वि0।
11. सूचना पटल, उ0मु0वि0वि0।

समन्वयक

Teenpani Bypass Road,T.P.Nagar, Haldwani-263139Nainital (Uttarakhand)
Phone No. +91-5946-286022 Fax No. 264232 Websit:www.uou.ac.in, E-mail: 16000@uou.ac.in